पंजाब केसरी 23/08/2025

# विचारों को स्पष्टता व आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने की क्षमता विद्यार्थियों की मूल्यवान संपत्ति : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 22 अगस्त (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को यंग स्पीकर्स क्लब के औपचारिक गठन के उपलक्ष्य में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी संप्रेषण क्षमता को निखार सकें, आत्मविश्वास बढ़ा सकें और नियमित अंत:क्रियात्मक सत्रों के माध्यम से नेतृत्व गुणों का विकास कर सकें।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान शैक्षणिक एवं व्यावसायिक परिदृश्य में व्यक्तित्व कौशल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विचारों को स्पष्टता एवं आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करने की क्षमता विद्यार्थियों की सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है, जो न केवल उनके करियर में, बल्कि व्यक्तिगत विकास में भी उन्हें सफलता दिलाती है। उन्होंने भाषा प्रयोगशाला व संबद्ध विभागों की इस पहल की सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों के लिए ऐसा मंच उपलब्ध कराया है।



ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम का समन्वयन अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं भाषा प्रयोगशाला की संयोजिका डॉ. महक, अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक व भाषा प्रयोगशाला की सह-संयोजिका हर्षिता तथा समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक यशवी शर्मा द्वारा किया गया। ये तीनों संकाय सदस्य निरंतर कैम्पस में अभिनव शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रहे हैं और उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं प्रस्तुति कौशल को निखारने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि यह क्लब एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करेगा, जो विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति, समालोचनात्मक चिंतन और संवाद के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा उनके शैक्षणिक विकास के साथ-साथ भविष्य के अवसरों के लिए भी उन्हें तैयार करेगा।